# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025** **दिनांक 23/03/2025**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**

**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 22.03.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना खानपुर व थाना सैदपुर पुलिस की संयुक्त टीम व स्वाट /सर्विलांस टीम द्वारा उचौरी डबल मर्डर के दो अभियुक्त /बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 02 अदद देसी तमंचा .315 बोर , 2 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.03.2025 को जनपद में विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी | इसी क्रम में थाना खानपुर पुलिस मय टीम क्षेत्र मे भ्रमण शील थे कि जरिये मुखबिर सूचना मिली कि डबल मर्डर मे शामिल आरोपी रामपुर क्रासिंग की तरफ से आ रहें हैं सूचना को सही मानते हुए थाना खानपुर पुलिस द्वारा रामपुर क्रासिंग पर मय टीम चेकिंग की जा रही थी कि अनौनी की तरफ से मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति बैठे हुए चले आ रहे थे जब उन्हें रोकने का इशारा किया गया तो बदमाशो द्वारा मोटरसाइकिल पुलिस फ़ोर्स के ऊपर चढ़ाने का प्रयास करते हुए सैदपुर की तरफ भागने लगे | थाना खानपुर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक सैदपुर को सूचित करते हुए उनका पीछा किया गया | सूचना पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक सैदपुर मय टीम द्वारा बदमाशो को औड़िहार की तरफ से आगे बढ़ते हुए घेरने का प्रयास किया गया तों पुनः गाड़ी मोड़कर वो सिधौना की तरफ भागने लगे तों सैदपुर टीम द्वारा स्वाट /सर्विलांस टीम को सूचित करते हुए पीछा किया गया। ग्राम पटना के पास खुद को घिरा देख पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नियत से देशी तमंचे से 2 राउंड फायर किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया तो दोनों बदमाशो के बाएं पैर में गोली लगी घायल बदमाशो को प्राथमिक उपचार हेतु CHC सैदपुर भेजा गया। एक अन्य बदमाश अँधेरे का फायदा का उठाकर मोटरसाइकिल सहित मौके से भागने मे सफल रहा | अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण- पूछताछ के दौरान घायल बदमाशो ने अपना नाम अंकित सोनकर पुत्र पिंटू सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी उचौरी थाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर व मेराज पुत्र क़ासिम उम्र 22 वर्ष ग्राम उचौरी थाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर बताया| भागने का कारण जानने की कोशिश की गई तो उक्त बदमाशो द्वारा बताया गया कि हम

लोगो ने उचौरी डबल मर्डर कारित किया है पकड़े जाने के डर से हम फायर करते हुए भागने लगे गलती हो गई माफ कर दीजिए |

**गिरफ्तार /घायल अभियुक्तों का नाम व पता-**

1.अंकित सोनकर पुत्र पिंटू सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी उचौरी थाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर

2.मेराज पुत्र क़ासिम उम्र 22 वर्ष ग्राम उचौरी थाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर

**बरामदगी -**

1. 02 अदद देसी तमंचा .315 बोर

2. 2 अदद खोखा कारतूस .315 बोर 3. 2 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 94/25धारा191(2)191(3) 103(1)BNS व 7 CLA एक्ट थाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर

2.मु0अ0सं095 /25 धारा 109 (1) BNS व3/25 आर्म्स ACTथाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर

**02- थाना दुल्लहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 46/25 धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/24 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित 02 नफर अभियुक्त व 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.03.2025 उ0नि0 उ0नि0 गामा लाल मय हमराह थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 46/25 धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/24 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1 .सुनील राम पुत्र रविन्द राम निवासी कुद्दनपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर 2 . विरेन्द्र राम पुत्र स्व0 रामनरेश राम राम निवासी कुद्दनपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर व अभियुक्ता 3 . हीरा देवी पत्नी विरेन्द्र राम समस्त निवासी कुद्दनपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को मलेठी मोड थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त/अभियुक्ता के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का नाम व पताः-**

1 .सुनील राम पुत्र रविन्द राम निवासी कुद्दनपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

2. विरेन्द्र राम पुत्र स्व0 रामनरेश राम कुद्दनपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

3 .हीरा देवी पत्नी विरेन्द्र राम समस्त नि0 कुद्दनपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

**अपराधिक इतिहास –**

1 .मु0अ0सं0 46/25 धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/24 डीपी एक्ट थाना दुल्लहपुर गाजीपुर

**03- थाना नन्दगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 77/2025 धारा 137(2), 87, 65(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.03.2025 को उ0नि0 श्री रमेश तिवारी मय हमराह के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 77/2025 धारा 137(2), 87, 65(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट में नामित अभियुक्त मंगल कुमार पुत्र सुरेन्द्र राम निवासी ग्राम धरवाँ थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष को बहद ग्राम धरवाँ चट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

मंगल कुमार पुत्र सुरेन्द्र राम निवासी ग्राम धरवाँ थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 77/2025 धारा 137(2), 87, 65(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

**04- थाना जंगीपुर पुलिस द्वारा 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा 0.315 बोर व एक अदद नाजायज जिन्दा कारतूस 0.315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.03.2025 को उ०नि० शिवप्रकाश पाठक चौकी प्रभारी पहेतिया मय हमराह के संदिग्ध व्यक्तियों के चेंकिंग के दौरान रामपुरजीवन मोड के पास से अभियुक्त मनोहर यादव पुत्र कल्पनाथ यादव निवासी राजापुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र 35 वर्ष को 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा 0.315 बोर व एक अदद नाजायज जिन्दा कारतूस 0.315 बोर के साथ गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 56/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग थाना जंगीपुर पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का विवरण -**

अभियुक्त मनोहर यादव पुत्र कल्पनाथ यादव निवासी राजापुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र 35 वर्ष

**बरामदगी-** 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा 0.315 बोर व एक अदद नाजायज जिन्दा कारतूस 0.315 बोर

**आपराधिक इतिहास -**

1. मु0अ0सं0 100/11 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1) x एसी/एटी एक्ट थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 86/12 धारा 3/4 उ0 प्र0 गुण्डा एक्ट थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 568/12 धारा 302 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहरियाबाद गाजीपुर
4. मु0अ0सं0 324/09 धारा 110 जी0 सीआरपीसी थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर
5. मु0अ0सं0 741/15 धारा 147/148/149/332/336/341/504 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना बहरियाबाद गाजीपुर
6. मु0अ0सं0 743/15 धारा 147/148/149/307/323/325/336/427/504 भादवि थाना बहरियाबाद गाजीपुर
7. मु0अ0सं0 70/21 धारा 147/323/427/504/506 भादवि थाना बहरियाबाद गाजीपुर
8. मु0अ0सं0 173/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर
9. 56/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर

**05- थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.03.2025 को उ0नि0 श्री राकेश कुमार मिश्रा मय हमराह थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त शशिकान्त राजभर पुत्र मुखराम राजभर निवासी ग्राम निहालपुर चवरा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर को सहब सिंह मार्डन पब्लिक स्कूल ग्राम कलवरा थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-110/25 धारा-3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1 .शशिकान्त राजभर पुत्र मुखराम राजभर नि0ग्राम निहालपुर चवरा थाना करिमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर।

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0-110/25 धारा-3/25 आर्मस एक्ट थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर

**<u>06- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 20 पाउच ब्लू लाईम देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में दिनांक 22.03.2025 को उ0नि0 सलाहुद्दीन मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चौकिया ओवरब्रिज से आगे बेलवा मोड़ पर स्थित एक दुकान से अभियुक्त जयप्रकाश यादव पुत्र रामनगीना यादव निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना नगरा जनपद बलिया उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से 20 पाउच ब्लू लाईम देशी शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 192/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम जयप्रकाश यादव उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पता**

1. जयप्रकाश यादव पुत्र रामनगीना यादव निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना नगरा जनपद बलिया उम्र करीब 45 वर्ष

**बरामदगी का विवरण**

20 पाउच ब्लू लाईम देशी शराब

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**